बाला को गोद में खिला रही मईया | By Prakash Chauhan

बाला को गोद में खिलाये रही मैया
लाला को लोरी सुनाये रही मैया
ममता की कर बरसात
बाला को गोद में .....

प्रभु चलने लगे धीरे धीरे
लीला करने लगे धीरे धीरे
है सूरज को मुंह में छिपाए
बाला को गोद में .....

करे करतब प्रभु न्यारे न्यारे
रचे खेल बड़े प्यारे प्यारे
हे पर्वत को हाथ में उठाये
बाला को गोद में .....

श्री राम पुजारी हैं बालाजी
ये सदा बिघ्नहारी हैं बालाजी
ये तो राम नाम धुन ही गाये
बाला को गोद में .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%a6-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%88/